# निगम में डिग्री घोटाला, बिल्डिंग ब्रांच के अफसरों पर जांच की मांग

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

नगर निगम लुधियाना के बिल्डिंग ब्रांच में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों पर फर्जी अथवा गैर-मान्यता प्राप्त डिग्री/डिप्लोमा के आधार पर नौकरी हासिल करने के गंभीर आरोप सामने आए हैं।

इस संबंध में आरटीआई एक्टिविस्ट कीमती रावल ने लोकल बॉडी विभाग के डायरेक्टर को शिकायत भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि ड्राफ्ट्समैन, इंस्पेक्टर, एटीपी और एमटीपी जैसे अहम पदों पर कार्यरत कई अधिकारियों ने कथित रूप से गैर-मान्यता प्राप्त संस्थानों से या बिना नियमित उपस्थिति के डिग्री/डिप्लोमा प्राप्त किए। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर उन्होंने सरकारी नौकरी हासिल की और समय-समय पर पदोन्नतियां भी लीं। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि सभी संबंधित अधिकारियों के शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की स्वतंत्र जांच कराई जाए। साथ ही यह भी सार्वजनिक किया जाए कि पढ़ाई के दौरान संबंधित कर्मचारियों ने कितनी अवधि की छुट्टियां लीं। सभी प्रमाणपत्रों को सार्वजनिक डोमेन में रखने और संबंधित विश्वविद्यालयों की यूजीसी व एआईसीटीई से मान्यता की पुष्टि करने की भी मांग उठाई गई है। यदि जांच में कोई प्रमाणपत्र फर्जी या गैर-मान्यता प्राप्त पाया जाता है, तो संबंधित कर्मचारी को तत्काल सेवा से हटाकर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने विभाग को 15 दिनों के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि तय समय सीमा में कार्रवाई न होने पर मामला विजिलेंस ब्यूरो और अदालत तक ले जाया जाएगा। इससे पहले दिसंबर 2023 में लोकल बॉडी विभाग पंजाब द्वारा 32 जूनियर इंजीनियरों की पदोन्नतियों की समीक्षा का मामला भी सामने आ चुका है, जिसमें डिस्टेंस या पार्ट-टाइम डिप्लोमा के आधार पर प्रमोशन देने पर सवाल उठे थे।

### मर्सिडीज कार को टक्कर में भारी नुकसान पहुंचा

# नशे में धुत युवक-युवतियों ने रात में ट्रांसफार्मर और दो पोलों में मारी कार

शेखर वर्मा | लुधियाना
समर न्यूज

लुधियाना के पॉश इलाके मॉडल टाउन प्रीतम नगर में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेज रफ्तार गाड़ी ने जबरदस्त उत्पात मचाया। नशे या लापरवाही के कारण बेकाबू हुई इस कार ने न केवल बिजली के खंभों को तोड़ा, बल्कि घर के बाहर खड़ी एक मर्सिडीज कार को भी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे के बाद कार सवार दो युवतियां और एक युवक मौके से फरार हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार निसान सनी कार काफी तेज रफ्तार में थी। सबसे पहले कार एक बिजली के ट्रांसफार्मर वाले खंभे से टकराई। वहां से भागने की कोशिश में चालक ने कार की रफ्तार और बढ़ा दी, लेकिन महज 100 मीटर की दूरी पर कार फिर बेकाबू होकर दो अन्य बिजली के खंभों में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बिजली के खंभे टेढ़े हो गए और पूरे इलाके की बिजली गुल हो गई।

**सीसीटीवी फुटेज आया सामने**

हादसे का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ नजर आ रहा है कि गाड़ी किस तरह सीधे खंभे से टकराती है। टक्कर के बाद जोरदार धमाका हुआ और चिंगारियां निकलीं, इसके तुरंत बाद कार में से तीन लोग बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं।

पीड़ित मर्सिडीज कार के मालिक अर्शदीप का कहना है कि हम घर के अंदर थे, तभी अचानक बाहर जोरदार धमाका हुआ। जब बाहर निकलकर देखा तो दंग रह गए। घर के बाहर लगे दो खंभों में एक कार घुसी हुई थी। उस कार ने हमारी मर्सिडीज को भी जोरदार टक्कर मारी थी, जिससे उसे काफी नुकसान पहुंचा है। हमने देखा कि कार में दो लड़कियां और एक सरदार लड़का सवार था। गाड़ी एक लड़की चला रही थी। जैसे ही लोग इकट्ठा होने लगे, वे तीनों मौका देखकर वहां से भाग गए।

हादसे की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारी और मॉडल टाउन थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बिजली विभाग के जेई ने बताया कि इस टक्कर के कारण विभाग को काफी नुकसान हुआ है और बिजली की लाइनें पूरी तरह से ठप हो गई हैं। मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है और खंभों को ठीक करने के बाद ही इलाके की सप्लाई बहाल की जा सकेगी।

**कार से मिले 2 मोबाइल और पर्स, जांच में जुटी पुलिस**

मॉडल टाउन के नाइट ड्यूटी ऑफिसर का कहना है कि पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। तलाशी के दौरान कार के अंदर से दो मोबाइल और एक पर्स बरामद हुआ है। पुलिस इन सबूतों के आधार पर कार मालिक और उसमें सवार युवक-युवतियों की पहचान करने में जुटी हैं। आसपास के अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों के भागने के रूट का पता लगाया जा सके।

# मिलावट के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग का अभियान तेज

कुलदीप काला | लुधियाना
समर न्यूज

लुधियाना जिले भर में खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने अपनी मुहिम तेज कर दी है। डॉ. आशीष चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 से 21 अप्रैल तक विशेष खाद्य सुरक्षा वैन अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान पूरी तरह जन सुरक्षा और जागरूकता के लिए है तथा लोगों को किसी भी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। विभाग का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच की सुविधा उपलब्ध करवाना है। डॉ. चावला के अनुसार, यह वैन आधुनिक प्रारंभिक जांच सुविधाओं से लैस है, जिसके माध्यम से आम नागरिक मात्र 50 रुपए की नाममात्र फीस देकर अपने खाने-पीने के नमूनों की जांच करवा सकते हैं। इसके साथ ही गली के रेहड़ी चालकों, डेयरियों, मिठाई की दुकानों और फास्ट फूड विक्रेताओं को भी खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 अप्रैल को हैबोवाल डेयरी कॉम्प्लेक्स, 8 अप्रैल को सब्जी मंडी जालंधर बाइपास, 9 अप्रैल को मेरिटोरियस स्कूल और रोज गार्डन, 10 अप्रैल को जमालपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में फास्ट फूड विक्रेताओं की जांच व जागरूकता, 11 अप्रैल को बस स्टैंड, 12 अप्रैल को किप्स मार्केट, 13 अप्रैल को रख बाग, दुर्गा माता मंदिर और गुरु नानक स्टेडियम, 14 अप्रैल को दुख निवारण साहिब गुरुद्वारा से लगते क्षेत्रों में, 15 अप्रैल को ताजपुर रोड डेयरी कॉम्प्लेक्स, 16 अप्रैल को पीएयू लुधियाना, 17 अप्रैल को दाना मंडी जगराओं में स्ट्रीट वेंडरों, डेयरियों, फास्ट फूड और मिठाई दुकानों की जांच, 18 अप्रैल को सरकारी स्कूल इंद्रापुरी क्षेत्र, 19 अप्रैल को जीटीबी मार्केट कमेटी खन्ना, 20 अप्रैल को रेलवे स्टेशन तथा 21 अप्रैल को समराला में यह अभियान चलाया जाएगा।

# गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स में फेयरवेल, छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुतियां

कुलदीप काला | लुधियाना
समर न्यूज

गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, लुधियाना में "नई उड़ान" नामक समारोह के माध्यम से बी.एससी और बी.सीए अंतिम वर्ष की छात्राओं को विदाई दी गई। समारोह में कॉलेज की प्राचार्या सुमन लता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर वंदना से हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में नृत्य, हिप-हॉप, राजस्थानी नृत्य और पंजाबी लोक नृत्य भांगड़ा प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए मिस फेयरवेल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस अवसर पर निर्णायक की भूमिका श्रीमती सरिता मिन्हास, डॉ. सरबजीत कौर और डॉ. जसप्रीत कौर ने निभाई। तनीषा शर्मा को मिस फेयरवेल का ताज पहनाया गया, जबकि उर्वशी गुप्ता और नमिशा ने क्रमशः पहला और दूसरा रनर-अप स्थान हासिल किया। अन्य उपाधियों में अर्शिता बजाज को मिस फोटो, वंशिका को मिस फैशन फ्लेम, अमनदीप कौर को मिस वोग वाइब्स, सामरीजोशी को मिस फियरलेस चार्म, मनप्रीत कौर को मिस रनवे दिवा, सिमरनजीत कौर को मिस रॉयल ड्रेस और सुइजान को मिस स्पार्कलिंग स्माइल से सम्मानित किया गया।

उर्वशी गुप्ता और नमिशा को क्रमशः मिस एलीट ब्यूटी और मिस कांस्य ग्लैमर के खिताब मिले।

तनीषा शर्मा ने मिस फेयरवेल स्पार्कल का खिताब भी अपने नाम किया। प्राचार्या सुमन लता ने आयोजन की सफलता पर स्टाफ को बधाई दी और छात्राओं को अपने जीवन में समर्पण और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित, रेलिंग से टकराकर हादसा

सौरव अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज

जालंधर बाईपास पुल पर रविवार देर शाम एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया, जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार के कारण बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया और वह रेलिंग से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि व्यक्ति पुल से नीचे सड़क पर जा गिरा। ऊंचाई से गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक बाइक की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और पुलिस उसके परिजनों की तलाश कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, व्यक्ति सड़क पर गिरते ही बुरी तरह लहूलुहान हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे संभालने की कोशिश की और पास के एक निजी अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी हालत बेहद गंभीर थी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में मृतक के सिर और चेहरे पर गहरी चोटें आईं, जो उसकी मौत का मुख्य कारण बनीं। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और स्वास्थ्य कर्मियों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के इलाकों में पूछताछ के जरिए मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। नियमों के अनुसार, शव को 72 घंटे तक मोर्चरी में रखा जाएगा, जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 500 रुपए के लिए खूनी संघर्षः तीन घायल, 15 युवकों ने फैक्ट्री में घुसकर किया हमला

■ 500 रुपए के लिए खूनी संघर्षः तीन घायल, 15 युवकों ने फैक्ट्री में घुसकर किया हमला, ईंट-पत्थर चले

शेखर वर्मा | लुधियाना
समर न्यूज



लुधियाना के गणेश नगर की गली नंबर 5 में मामूली विवाद ने बड़े हमले का रूप ले लिया। मात्र 500 रुपए के लेन-देन को लेकर शुरू हुई बहस के बाद एक दर्जन से अधिक युवकों ने एक फैक्ट्री पर धावा बोल दिया। हमले में फैक्ट्री मालिक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फैक्ट्री मालिक सर्वर का कहना है कि वर्मा प्रिंटिंग के नाम से दुकान चलाने वाला एक युवक उनके लिए प्रिंटिंग का काम करता है। शनिवार रात करीब 9:30 बजे वह फैक्ट्री आया था। सर्वर के मुताबिक युवक अत्यधिक नशे में था और अपने पुराने बकाया 500 रुपए मांग रहा था। सर्वर ने उसे अगले दिन आने को कहा, लेकिन युवक ने गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि जब वह बाजार गया हुआ था, तभी आरोपी ने पीछे से 12 से 15 साथियों को बुला लिया। सर्वर के वापस लौटते ही हमलावरों ने ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। हमलावर जबरन फैक्ट्री के अंदर घुस गए और वहां मौजूद कर्मियों के साथ मारपीट की। इस हमले में दो कर्मियों के सिर फट गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना डिवीजन नंबर 3 की पुलिस को शिकायत दी गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि रात के समय पुलिस ने ड्यूटी का हवाला देकर सुबह आने को कहा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है।

# दिल्ली-हलवारा फ्लाइट टाइमिंग में बदलाव अब एक नहीं दो उड़ाने

कुलदीप काला | लुधियाना
समर न्यूज

केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने पंजाब से अपना स्नेह जताते हुए ,अब लुधिआना वासिओं के लिए दो उड़ाने शुरू किए जाने को लेकर सोशल मीडिया द्वारा जानकारी दी |

लुधियाना के शहरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए एयर इंडिया ने दिल्ली और हलवारा के बीच अपनी उड़ानों के शेड्यूल में अहम बदलाव किया है। नए समय से यात्रियों को अधिक सुविधा, समय की बचत और आरामदायक सफर का अनुभव मिलेगा।

**नया उड़ान कार्यक्रमः**

**दिल्ली हलवारा AI 481: सुबह 08:35 बजे - 09:45 बजे**

**AI 483: दोपहर 12:55 बजे - 02:10 बजे**

**हलवारा दिल्ली AI 482: सुबह 10:25 बजे - 11:40 बजे**

**AI 484: दोपहर 02:40 बजे - 03:55 बजे**

इस नई समय-सारिणी से यात्रियों को बेहतर सुविधा का लाभ मिलेगा और सफर अधिकआसान बनेगा। खासकर व्यापारिक और पारिवारिक यात्राओं के लिए यह बदलाव काफी फायदेमंद साबित होगा। लुधियाना वासियों और समूचे पंजाब के लोगों के लिए यह एक बड़ी राहत और खुशी की खबर है। नए समय के साथ क्षेत्रीय हवाई संपर्क और मजबूत होगा, जिससे आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

# ग्लाडा क्षेत्र में नियमों की धज्जियांः रिहायशी इलाकों में उग आया अवैध कमर्शियल साम्राज्य

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

चंडीगढ़ रोड स्थित जमलापुर अर्बन एस्टेट फेस-1 और फेस-2 में इन दिनों अवैध निर्माण और अतिक्रमण ने विकराल रूप ले लिया है। ग्लाडा के अधीन आने वाले इस इलाके में रिहायशी मकानों को तेजी से कमर्शियल उपयोग में बदला जा रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। जहां कभी लोग शांत जीवन के लिए बसे थे, वहां अब दुकानों, होटलों और आईलेट्स सेंटरों की भरमार हो गई है।

**नियमों को दरकिनार कर बहुमंजिला कमर्शियल इमारतें**

अर्बन एस्टेट की मार्केट्स में एससीएफ (शॉप कम फ्लैट) के लिए केवल एक मंजिला निर्माण की अनुमति है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। कई जगहों पर बहुमंजिला इमारतों को पूरी तरह कमर्शियल उपयोग में बदल दिया गया है। इन इमारतों को किराये पर देकर मोटी कमाई की जा रही है।

**फुटपाथ तक कब्जे में, सड़कों पर बढ़ा दबाव**

अतिक्रमण का आलम यह है कि पैदल चलने वालों के लिए बने फुटपाथ तक नहीं बचे। दुकानों के बाहर बड़े शेड लगाकर सड़कों तक कब्जा कर लिया गया है। इससे ट्रैफिक जाम और लोगों की आवाजाही दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

**रिहायशी मकान बन गए होटल, स्कूल और सेंटर**

सिर्फ मार्केट ही नहीं, बल्कि रिहायशी इलाकों में भी नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। कई मकानों को बिना अनुमति आईलेट्स सेंटर, होटल, अस्पताल, स्कूल और ढाबों में तब्दील कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र का मूल स्वरूप पूरी तरह बदल गया है।

**नोटिस तक सीमित कार्रवाई, 'सेटिंग' से मामला खत्म**

लोगों का कहना है कि विभाग केवल नोटिस जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेता है। जमीनी कार्रवाई नहीं होती और बाद में 'सेटिंग' के जरिए मामले को दबा दिया जाता है। यही वजह है कि अवैध निर्माण लगातार बढ़ रहा है।

**राजनीतिक संरक्षण से फल-फूल रहा खेल**

आरोप है कि इस पूरे मामले में कुछ प्रभावशाली लोगों का संरक्षण भी शामिल है, जिसके चलते अधिकारियों पर कार्रवाई का दबाव नहीं बन पाता।

**पार्किंग बनी बड़ी समस्या**

पार्किंग के लिए तय जगहों पर भी कब्जा कर लिया गया है। दुकानों का सामान सड़कों तक फैल गया है, जिससे जाम की स्थिति आम हो गई है।

**अधिकारी का पक्ष नहीं मिला**

इस संबंध में ग्लाडा के ए.सी.ए ओजस्वी से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। ऐसे में उनका पक्ष सामने नहीं आ सका।

**बड़ा सवालः आखिर कब जागेगा प्रशासन?**

आखिर अधिकारी अपनी आंखें मूंदकर अनजान क्यों बने हुए हैं और यह सब धड़ल्ले से सरेआम कैसे चल रहा है?

# जगराओं में अवैध माइनिंग पर नहीं लग रही लगाम, सैकड़ों ट्रालियां निकाली गईं

राज बब्बर | लुधियाना
समर न्यूज

जगराओं के ब्लॉक सिधवां बेट के अंतर्गत गांव मद्देपुर के पास बहते सतलुज दरिया में बीती रात अवैध माइनिंग का मामला सामने आया है। आरोप है कि माइनिंग विभाग और पुलिस की नजरों से बचते हुए करीब 100 ट्रालियां रेत निकालकर बेच दी गईं। समाजसेवी गुरजीत सिंह ने बताया कि वह पर्यावरण संरक्षण को लेकर लंबे समय से सक्रिय हैं और पहले भी इस क्षेत्र में हो रही अवैध माइनिंग की शिकायत कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि बावजूद इसके, बीती रात बड़े स्तर पर रेत निकाली गई। उनका आरोप है कि अवैध माइनिंग में कुछ प्रभावशाली लोगों का हाथ हो सकता है, जिसके चलते संबंधित विभाग कार्रवाई से बचते नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस घटना से जुड़े वीडियो और फोटो भी मीडिया को उपलब्ध करवाए हैं। इस मामले पर जगराओं के एसएसपी अंकुर गुप्ता ने हैरानी जताते हुए कहा कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच करवाई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं माइनिंग विभाग के एसडीओ बिन्वांत सिंह और जेई कर्मप्रीत सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के नेता गोपी शर्मा ने भी कहा कि अवैध माइनिंग किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले भी रेत डंपिंग की शिकायत दी गई थी और अब प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई में ढिलाई बरती गई तो मामला मुख्यमंत्री भगवंत मान के समक्ष उठाया जाएगा।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 211